हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 11 अंक : 291 देहरादून, शनिवार, 13 मई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



मुख्यमंत्री धामी ने सुनी जनता की समस्याएं तत्काल समाधान करने के दिए निर्देश 3

# मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को उम्मीदों का सूरज मानती है 96% अंक हासिल करने वाली आलिया

## उत्तराखंड और दून इंटरनेशन का नाम रोशन करने वाली आलिया का ख्वाब है सीए बनना

**मो.शादान सलीम**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून,11 मई। सीबीएसई के परीक्षा परिणामों में एक बार फिर बेटियों ने बेटो पर बड़त बनाई है,इंटरमीडिएट में दून इंटरनेशनल की आलिया ने 96% अंको के साथ स्कूल और प्रदेश दोनों को गौरांवित किया है।

बलबीर रोड,देहरादून निवासी अनवर खान की बेटी आलिया ने कॉमर्स विथ कंप्यूटर साइंस के साथ शानदार प्रदर्शन किया है,आलिया से जब उसके शानदार प्रदर्शन के बारे में पूछा गया तो उसने अपने माता पिता और बड़ी बहन को अपना प्रेरणास्रोत बताया और स्कूल के चेयरमैन डीएस मान को उनके अभिभावक वाले अंदाज़ के लिए अपना आदर्श माना है,आलिया मानती है कि उसे आगे की पढ़ाई के लिए काफी परिश्रम करना है, क्योंकि परिवार की आय के साधन बहुत सीमित है, सीए के रूप में अपना करियर बनाने के लिए वो कठिन से कठिन परिश्रम के लिए मानसिक रूप से तैयार है,आलिया का कहना है कि सामान्य,निम्न , मध्यम वर्गीय और निर्धन परिवारों के पास आय के साधन बहुत सीमित होते है और वर्तमान दौर में पढ़ाई बहुत ज्यादा महंगी है,उसका मानना है कि ऐसे में सिर्फ प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से ही सस्ती पढ़ाई की उम्मीद की जा सकती है,क्योंकि मुख्यमंत्री जी एक सामान्य परिवार से है, सैनिक पुत्र है इसलिए हम जैसे सामान्य परिवारों की आर्थिक स्थिति को समझ सकते है,अपने परिवार की आर्थिक स्थिति के कारण आलिया दिल्ली यूनिवर्सिटी से आगे की पढ़ाई करना चाहती है मगर वो आशावादी है और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को आम परिवारों की सस्ती शिक्षा के लिए उम्मीद का सूरज भी मानती है।आलिया को पूरा भरोसा है कि यदि मुख्यमंत्री जी चाहेंगे तो उत्तराखंड का टैलेंट यही रहकर प्रदेश के विकास में अपना योगदान देगा।



- दून इंटरनेशनल के चेयरमैन डीएस मान को आदर्श मानती है आलिया
- पास प्रतिशतः बेटियां 94.25% कक्षा 10 व 90.68% कक्षा 12 और बेटे 92.27% कक्षा 10 व 84.67% कक्षा 12







**सफलता की शुभकामनाएं :** आलिया( 96% ), दून इंटरनेशनल,देहरादून,अनवर खान, कराटे टीचर की बेटी




**सफलता की शुभकामनाएं :** प्रकृति त्रिपाठी, आजमगढ़ ( 96% ), आशीष त्रिपाठी, अपर निदेशक, सूचना की भतीजी

# 20 मई को खुलेंगे हेमकुंड साहिब व लक्ष्मण मंदिर के कपाट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 13 मई : सिखों के पवित्र तीर्थ स्थल हेमकुंड साहिब के कपाट आगामी 20 मई को खोले जाएंगे इसके साथ ही 20 मई को ही लक्ष्मण मंदिर के कपाट खोले जाएंगे 1 हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग से सेना के जवानों द्वारा युद्ध स्तर पर बर्फ हटाने का काम किया जा रहा है 1

पैदल मार्ग से बर्फ हटाने का काम 20 अप्रैल से शुरू हो गया था लेकिन इसके बाद मौसम विपरीत होने के कारण मार्ग से बर्फ नहीं हटाई जा सकी 1 बीते दो-तीन दिनों से मौसम साफ रहने के कारण मार्ग से बर्फ हटाने कार्य में तेजी आई है 1 जिला प्रशासन व हेमकुंड ट्रस्ट यात्रा की तैयारियां मे जुटा गया हैं,प्रशासन व ट्रस्ट के सहयोग से यात्रा सुरक्षित व सुखद हो इसके पूर्ण



प्रयास किए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बताया कि मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य सेना के जवानों द्वारा किया जा रहा है 1 एक सप्ताह के अंदर बर्फ हटाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा 1 उन्होंने यह भी कहा कि यात्रा मार्ग पर सभी सुविधाएं यात्रा शुरू होने से पूर्व पूर्ण कर ली जाएंगी 1 सभी संबंधित विभागों को इस संबंध में निर्देशित किया गया है 1सीमांत जनपद चमोली में समुद्र तल से 4 हजार 339 मीटर की ऊंचाई में 5 पर्वतों के बीच सरोवर के किनारे सिखों का पवित्र तीर्थस्थल हेमकुंड साहिब स्थित है।

# निरीक्षण के दौरान 110 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

नई टिहरी। खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग का यात्रा रूटों पर खाद्य पदार्थों की जांच, परीक्षण व जागरूकता कार्यक्रम दूसरे दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को मुख्यालय व जिले की संयुक्त टीम ने पीपलडाली, चमियाला, घनसाली व चंबा में 110 खाद्य पदार्थों के नमूने परीक्षण के लिए लेते हुए मोबाइल लैब वैन से मौके पर ही नमूनों के परिणाम जारी कर खाद्य पदार्थों को लेकर जागरूक किया। 110 नमूनों में खाद्य पदार्थों के 20 नमूने अधोमानक पाये गये। मिलावटी खाद्य पदार्थों को लेकर खाद्य कारोबारियों को चेताने का भी काम किया।

चारधाम यात्रा को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत व स्वास्थ्य सचिव डा. आर राजेश के निर्देश पर जनपद टिहरी के यात्रा रूटों पर वैन के साथ गठित संयुक्त टीम निरंतर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के निरंतर विशेष निरीक्षण अभियान चलाये हुये है। जिसमें आलाधिकारी खाद्य पदार्थों को की मौके पर ही जांच कर जागरूक करने के साथ ही जागरूकता कार्यक्रम भी चला रहे हैं। जागरूकता कार्यक्रम के तहत निरीक्षण अभियाल ने दौरान खाद्य संरक्षा विभाग के अधिकारियों ने चमियाला के श्रीकोट में स्थित अजय भट्ट सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में तीन सौ से अधिक छात्र-छात्राओं को सुरक्षित भोजन व खाद्य लेबल पढने की आदत डालने की जानकारी दी।

# उद्योगपतियों को आकर्षित कर रहा उत्तराखंड का नैसर्गिक सौंदर्य और मानव संसाधन : सीएम धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क







रूद्रपुर 13 मई : राज्य सरकार का प्रयास है कि हमारे औद्योगिक जगत से जुड़े लोगों से लगातार संवाद बना रहे, जिससे सभी समस्याओं का समाधान आसानी से हो सके। राज्य में जल्द ही इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जायेगा। इन्वेस्टर समिट के ब्रांड एम्बेसडर भी हमारे औद्योगिक जगत से जुड़े लोग हैं। राज्य में औद्योगिक विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बीते दिन होटल रेडिसन ब्लू रुद्रपुर में राज्य स्तरीय उद्योग मित्र समिति की बैठक में सभी उद्योगपतियों का स्वागत करते हुए यह बात कही । उन्होंने कहा कि औद्योगिक नीति में उद्योगपतियों के सुझावों को शामिल किया गया है। उत्तराखंड में औद्योगिक विकास के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। उत्तराखंड का नैसर्गिक सौन्दर्य एवं बेहतर मानव संसाधन उद्योगपतियों को उत्तराखंड की ओर आकर्षित कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बैठक में जो भी सुझाव प्राप्त हुए हैं, इन सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में औद्योगिक संस्थानों का तेजी से विकास हो, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव सहयोग दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि बड़ी बैठकें राज्य के अलग-अलग स्थानों पर हो, इसलिए उद्योग मित्र की इस बैठक का आयोजन रूद्रपुर में करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह की बैठक 06 माह में एक बार अवश्य हो, इसके प्रयास किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड अभी युवा राज्य है। सीमित संसाधन होने के बावजूद भी राज्य के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा राज्य में सी.एस.आर के लिए एक सेल बनाया गया है। औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े लोगों एवं संस्थानों से राज्य को सी.एस.आर. फंड से सहयोग देने की भी मुख्यमंत्री ने अपील की है।


मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में औद्योगिक विकास हेतु अनुकूल माहौल है। राज्य में औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि औद्योगिक भवनों की ऊंचाई और बढ़ाई जायेगी। सिडकुल की सड़के बनाई जायेंगी और धीरे-धीरे अतिक्रमण हटाने का काम शुरू किया गया है तथा औद्योगिक क्षेत्रों सहित सभी जगह से अतिक्रमण हटाया जायेगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में प्रदूषण श्रेणी का सरलीकरण करते हुए प्रयास किया जाएगा कि व्हाइट श्रेणी में आने वाले उद्योगों को एनओसी न लेनी पड़े। उन्होंने कहा कि सोप स्टोन रॉयल्टी कम की गई है। प्रभावी लीसा नीति हेतु हिमाचल प्रदेश सहित अन्य राज्यों की लीसा नीतियों का परीक्षण कराते हुए लीसा नीति का भी सरलीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक आस्थानों में पुराने विद्युत सब स्टेशन्स पर लोड की समीक्षा करते हुए आवश्यकतानुसार सब स्टेशनों को अपग्रेड किया जाये तथा औद्योगिक आस्थानों से अलग ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित उद्योगों के लिए अलग से फीडर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्किल रेट के आधार पर स्टाम्प शुल्क गणना के सम्बन्ध में कन्फ्यूजन दूर करने के लिए स्पष्टीकरण किया जाएगा ताकि किसी भी प्रकार का कन्फ्यूजन न रहे। फूड प्रोसेसिंग पर शुल्क खत्म करने हेतु परीक्षण कराया जाएगा।

बहादराबाद इंडस्ट्रियल क्षेत्र में फायर स्टेशन स्थापित कराया जाएगा। सूक्ष्म उद्योगों हेतु सीडा द्वारा कम्पलीशन सर्टिफिकेट के लिए फायर एनओसी हटाने सम्बन्धी सुझाव का परीक्षण कराया जाएगा। कारखाना अधिनियम में कर्मचारियों की संख्या निर्धारण के सम्बन्ध में परिवर्तन किया जाएगा। पेट्रोलियम लाईसेन्स नवीनीकरण हेतु अवधि बढ़ाई जायेगी। जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हेतु काशीपुर में ईएसआई हॉस्पिटल प्रस्तावित किया गया है। दूरस्थ क्षेत्रों को हैली सेवा से जोड़ने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है तथा पन्तनगर एयरपोर्ट को अन्तराष्ट्रीय स्तर का बनाने की कार्यवाही लगभग अन्तिम चरण में है। उन्होंने कहा कि राज्य में सिंगल विण्डो सिस्टम को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। उन्होंने महिला वर्करों की सुरक्षा, सशक्तिकरण विषय पर सभी उद्यमियों से लिखित में सुझाव देने की अपील की।

# मेंटल हेल्थ को सही करने के लिए पढ़िए ये बाते ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





ब्यूरो रिपोर्ट 13 मई : हमारे शरीर के सभी अंगो के साथ दिमाग का भी हेल्दी होना बहुत जरूरी है। यही कारण है कि आजकल मेंटल हेल्थ की बातें की जाती हैं पर प्रश्न यह है कि हम अपनी मेंटल हेल्थ के लिए क्या करते हैं? मेंटल हेल्थ को बनाए रखने के लिए आपका साथ अच्छा होना जरूरी है। जैसे कोरोना वायरस से बचने के लिए जरूरी है कि हम कोविड पॉजिटिव लोगों से दूर रहे। वैसे ही मेंटल हेल्थ के लिए भी जरूरी है कि आप स्वस्थ लोगों से ही जुड़ाव रखें। डॉक्टर बताते हैं कि मेंटल हेल्थ को बनाए रखने के लिए फिजिकल रूप से फिट रहना भी बहुत जरूरी है। अच्छे से नींद लेना और रेगुलर एक्सरसाइज करने से हमारी मेंटल हेल्थ को मजबूती मिलती है। डॉक्टर ने बताया कि हमारे जीवन में हर एक चीज बहुत महत्वपूर्ण है। जैसे अच्छी डिग्री, अच्छी नौकरी और बड़ा प्रमोशन लेकिन हेल्थ भी जरूरी है। हमें समझना होगा कि सेहत के साथ भी हम अपने जीवन में मनचाहा मुकाम हासिल कर सकते हैं। और डॉक्टर ये भी बताते हैं कि जैसे हम फिजिकल हेल्थ का चेकअप कराते हैं ठीक उसी तरह मेंटल हेल्थ चेकअप भी बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि आप घर पर बैठे-बैठे भी अपना चेकअप कर सकते हैं। अगर आपको लो महसूस होता है लेकिन आप एक समय के बाद ठीक हो जाते हैं मतलब आप ठीक हैं। अगर आप आत्मविश्वासी महसूस करते हैं मतलब आप ठीक हैं। आप हर बात पर तनाव और चिंता लेते हैं तो इसका मतलब है कि आप अंदर से बहुत परेशान हैं। आप कितना अकेलापन महसूस करते हैं और आपकी बातें भी आपकी मेंटल हेल्थ दिखाती हैं।

# थानों में चौपाल लगा आमजन को नशे से दूर रहने के लिए करें जागरूक : एसएसपी हरिद्वार





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 13 मई : माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड के ₹ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025₹ अभियान को सार्थक बनाने हेतु एसएसपी हरिद्वार द्वारा दिए गए स्पष्ट दिशा निर्देशों के क्रम में जनपद के सभी थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में हर शनिवार को चौपाल लगा आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है साथ ही नाम पता गुप्त रखते हुए सूचना देने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।जिसके सार्थक परिणाम अब देखने को मिल रहे हैं। अब आम जनता भी समाज से नशे को उखाड़ फेंकने के लिए हरिद्वार पुलिस के प्रयास में सहयोग दे रही है। कुछ दिन पूर्व भी कोतवाली रानीपुर में नशा तस्करी में लिप्त तस्करों को आम जनता की सटीक सूचना पर पकड़ा गया था। इसी क्रम में एक जागरूक नागरिक की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त को ग्राम सराय से 07.32 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा गया।

# मुख्यमंत्री धामी ने सुनी जनता की समस्याएं तत्काल समाधान करने के दिए निर्देश



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 13 मई : उधम सिंह नगर जनपद के अपने दौरे के दौरान खटीमा में नगरा तराई स्थित अपने घर पर मुख्यमंत्री ने जनता की समस्याओं को सुना। साथ ही मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जनता की समस्याओं के तत्काल निस्तारण के आदेश दिए। मुख्यमंत्री खटीमा से रुद्रपुर में आयोजित उद्योग बंधु के मीटिंग के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हो गए। हम आपको बता दे की प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने दो दिवसीय उधम सिंह नगर जनपद के दौरे के दौरान दूसरे दिन नगरा तराई गांव स्थित अपने घर पर बीते दिन आम जनता से मिले।जन मिलन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने नगरा तराई आवास पर आई जनता की शिकायतों को सुना। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को जनता की शिकायतों और समस्याओं को तत्काल समाधान करने के आदेश दिए।

जिसके बाद मुख्यमंत्री लोहिया हेड रोड स्थित अपने कैंप कार्यालय में बैठे जहां मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा शिकायत लेकर आई जनता की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए।

## भाजपा जिलेभर में 15 तक करेगी पन्ना प्रमुखों की तैनाती: बिष्ट

हल्द्वानी। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा कि पार्टी संगठन इन दिनों बूथों की मजबूती के लिए पन्ना प्रमुखों की तैनाती के कार्य मे जुटा हुआ है। 15 जून तक जिलेभर के हर वार्ड स्तर पर पन्ना प्रमुखों की तैनाती कर दी जाएगी। साथ ही हर बूथ में 11 सदस्यों को नियुक्त किया जाएगा। बताया कि 15 जून को केंद्र की मोदी सरकार ने 9 साल का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। इस मौके पर पार्टी जिलेभर में जन संपर्क अभियान चलाएगी।

जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने पत्रकार वार्ता में बताया मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर भाजपा के सांसद अपने क्षेत्र में प्रवास में रहेंगे। जिसके तहत सांसद तीरथ सिंह रावत के रामनगर प्रवास व केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट के नैनीताल लोकसभा में प्रवास पर रहेंगे। इस अभियान के तहत सांसद अपने क्षेत्र के शिक्षक, वकील, चिकित्सक, खिलाड़ी, कलाकार, व्यवसायी, व्यापारी जैसे प्रोफेशनल्स से संपर्क करेंगे। इसके अलावा मोदी सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क स्थापित करेंगे। सरकार की योजना से लाभार्थियों के जीवन में क्या बदलाव आया, इसका अध्ययन भी करेंगे। बिष्ट ने बताया पार्टी के देशव्यापी अभियान में नए मतदाताओं से संपर्क साधने, धार्मिक नेता, पूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता आदि से संपर्क करने का काम भी किया जाएगा।

## फॉरेस्ट के हर अधिकारी-कर्मचारियों की जिम्मेदारी जंगल को बचाना : रसाईली

हल्द्वानी। वानिकी प्रशिक्षण अकादमी (एफटीआई) के दीक्षांत समारोह में अपर प्रमुख वन संरक्षक एसएस रसाईली ने कहा कि फॉरेस्ट के हर अधिकारी और कर्मचारी की जिम्मेदारी जंगल को बचाना है। जिसके लिए उन्हें हमेशा समर्पित होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एफटीआई हल्द्वानी से पास हुए 41 रेंजर्स की जिम्मेदारी होगी वह अपने क्षेत्रों में जाकर जंगलों को बचाने का कार्य करें। प्रशिक्षण उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों प्रशिक्षणार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

रामपुर रोड स्थित एफटीआई में शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के 41 रेंज अधिकारियों का दो वर्षीय प्रशिक्षण पूरा होने पर दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह का शुभारंभ अपर प्रमुख वन संरक्षक एसएस रसाईली व अकादमी निदेशक डॉ. तेजस्विनी पाटिल ने किया। प्रशिक्षण में बेहतर प्रदर्शन कर डॉ. सुदीप्ता हजारा ने 81.45 प्रतिशत अंक हासिल किए। उन्हें स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। योजना थापा ने 80.62 प्रतिशत अंक हासिल कर रजत और मधुमिता पात्र ने 79.36 प्रतिशत अंक लेकर कांस्य पदक जीता। एपीसीसीएफ रसाईली ने सभी रेंज अधिकारियों को पुरस्कृत किया। उप निदेशक डॉ. अभिलाषा सिंह ने लोगों को एफटीआई की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

अकादमी की निदेशक डॉ. पाटिल ने बताया कि पश्चिम बंगाल के 41 रेंज अधिकारियों का 2021-2023 के बैच का प्रशिक्षण पूरा हुआ है। प्रशिक्षण में 13 महिला व 28 पुरुष अधिकारी शामिल रहे। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें 19 विषयों के अतिरिक्त जीपीएस, कंप्यूटर, ट्रैंकुलाइजेशन, कैमरा ट्रैप, स्नेक रेस्क्यू, ड्रोन संचालन, जंगल सरवाइवल की ट्रेनिंग दी गई। पुस्तकीय ज्ञान के साथ व्यवहारिक ज्ञान, खेलकूद, योग, व्यायाम व अनुशासन का भी महत्व सिखाया गया। सभी रेंजर्स दो साल के कठिन प्रशिक्षण के बाद रेंजर्स बने हैं।

रेंज एडमिनिस्ट्रेशन में भी सुदीप्ता आगे रहे

निदेशक डॉ. पाटिल ने बताया कि प्रशिक्षण में 13 प्रशिक्षणार्थी विशिष्ट योग्यता व 28 उत्तीर्ण हुए। इसके अलावा रेंज एडमिनिस्ट्रेशन में डॉ. सुदीप्ता हाजरा, ईकोलॉजी में नबांकुर घोष, सर्वे एवं इंजीनियरिंग में शिलादित्य आचार्य, वानिकी में डॉ. सुदीप्ता हाजरा ने सर्वोच्च स्थान हासिल किया।

# ऑपरेशन मर्यादा का उल्लंघन करने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाही, एसएसपी पौड़ी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



पौड़ी 13 मई : पुलिस लाईन पौड़ी में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसके द्वारा सर्वप्रथम समस्त कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी तथा उनका समाधान कर संबंधित को निर्देशित कर समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थानों में नियुक्त अधीनस्थ कर्मचारियों की प्रत्येक माह मीटिंग लेकर उनके कार्यों की समीक्षा करने तथा उनकी व्यक्तिगत /पारिवारिक समस्याओं को सुनते हुए उनका त्वरित समाधान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

चारधाम यात्रा एवं जनपद के थाना लक्ष्मणझूला क्षेत्रान्तर्गत आगामी G-20 कार्यक्रम के दृष्टिगत विगत वर्षों से बाहरी राज्यों से जनपद में कार्यरत एवं निवास करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके सत्यापन किये जाने के सम्बन्ध में समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सत्यापन की कार्यवाही करने हेतु पूर्व में निर्देशित किया गया था। किन्तु विशेष रूप से थाना लैन्सडाउन, लक्ष्मणझूला, पैठाणी, धुमाकोट, सतपुली तथा रिखणीखाल द्वारा अपेक्षित कार्यवाही न करने तथा लापरवाही बरतने पर फटकार लगाते हुये समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत छात्रों, श्रमिकों, किरायेदारों, घरेलू नौकरों, फड़-फेरी, मजदूरों, बाहरी व्यक्तियों, संदिग्ध रूप से घूम रहे व्यक्तियों के सत्यापन की कार्यवाही कर उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिये गये।

समस्त थाना प्रभारियों को "ऑपरेशन मर्यादा" के तहत तीर्थ स्थलों, नदी तटों व धार्मिक स्थलों की पवित्रता एवं मर्यादा बनाये रखने के लिये आमजन को जागरूक करने हेतु विभिन्न स्थानों पर चेतावनी/साइन बोर्ड लगाने तथा तीर्थ स्थलों, नदी तटों एवं धार्मिक स्थलों पर मादक पदार्थों का सेवन एवं हुड़दंग करने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में मा0 न्यायालयों से प्राप्त अहकामातों की प्राथमिकता के आधार पर शत-प्रतिशत तामील कराते हुए लोक अदालत के सम्बन्ध में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करते हुए लोक अदालत के उद्देश्य को सफल बनाने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। सीनियर सिटीजनों की सुरक्षा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से वृद्धजनों का सत्यापन कर लगातार उनके घर जाकर हाल-चाल जानते हुए आस-पड़ोस के सामाजिक कार्यकर्ताओं को वरिष्ठ नागरिकों की मदद करने एवं प्रोत्साहित किये जाने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

ग्रीष्मकालीन मौसम में बढ़ती गर्मी में आगजनी की घटना घटित होने की संभावना अधिक रहती है जिसके दृष्टिगत अग्निशमन अधिकारियों को फायर उपकरणों को तैयार की हालत में रखते हुए आगजनी की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद के थाना लक्ष्मण झूला क्षेत्रान्तर्गत आगामी G-20 कार्यक्रम के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने एवं ड्यूटी में नियुक्त समस्त कार्मिकों को कड़ा अनुशासन बनाए रखते हुए सतर्कता बरतने हेतु निर्देशित किया गया।

मोटर वाहन अधिनियम के तहत विगत माह में जनपद में कुल 4,237 व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गयी जिसमें से मुख्य रूप से शराब पीकर वाहन चलाने पर 17, तीव्र गति से वाहन चलाने पर 134, ओवर लोडिंग करने पर 60, दुपहिया वाहनों में तीन सवारी बैठाने पर 34, मोबाइल फोन का प्रयोग करने पर 56 एवं 68 व्यक्तियों के विरूद्ध डीएल निरस्तीकरण की कार्यवाही की गयी।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत थाना श्रीनगर, कोटद्वार, लक्ष्मणझूला एवं महिला थाने के अलावा किसी भी थाने द्वारा अपेक्षाकृत संतोषजनक/सुधारात्मक कार्यवाही नहीं की गयी। जिसके सम्बन्ध में घोर आपत्ति प्रकट कर सम्बन्धित थाना प्रभारियों का अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गयाएनडीपीएस एक्ट के तहत जिन अभियुक्त गणों ने अवैध रूप से संपत्ति अर्जित की है, उनकी अवधि अर्जित संपत्ति की जब्तीकरण की कार्यवाही करने हेतु कड़े निर्देश दिये गये। समस्त थाना प्रभारी गुण्डा अधिनियम से सम्बन्धित प्रकरणों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी कार्यालय से समन्वय स्थापित कर अभियुक्तों के जिला बदर की कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। थानों में विगत 06 माह से अधिक लंबित विवेचनाओं के साथ-साथ धोखाधड़ी एवं रंगदारी के मामलों में 01 वर्ष से अधिक समय से प्रचलित मामलों एवं 01 माह से अधिक समय से लंबित चल रहे शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।



# उत्तराखंड : 3 भर्ती परीक्षाओं के लिए तैयार UKSSSC, ये है पूरा शेड्यूल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून 13 मई : पेपर लीक मामले ने यूकेएसएसएससी की खूब फजीहत कराई। जांच और गिरफ्तारियों का दौर अब भी जारी है। पिछले मामलों से सबक लेते हुए अब यूकेएसएसएससी ने नकल रोकने के लिए कड़े नियम बनाए हैं। इसी के साथ उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग दोबारा नए सिरे से भर्ती परीक्षाएं आयोजित करने जा रहा है। यूकेएसएसएससी की ओर से 21 मई को सचिवालय सुरक्षा संवर्ग, शिक्षक भर्ती के लिए पहली परीक्षा आयोजित होगी। जिसके लिए चार जिलों में 62 केंद्र बनाए गए हैं। पेपर लीक की वजह से परीक्षा रद्द होने के बाद आयोग आगामी दो माह में तीन परीक्षाओं को दोबारा कराएगा। इसके तहत 21 मई को सचिवालय रक्षक भर्ती, 11 जून को वन दरोगा भर्ती और 09 जुलाई को स्नातक स्तरीय परीक्षा कराई जाएगी। परीक्षा की तैयारियों को लेकर आयोग के अध्यक्ष जी एस मर्तोलिया ने बीते दिन अल्मोड़ा और नैनीताल के अधिकारियों के साथ बैठक की।उन्होंने बताया कि पिछले डेढ़ माह में आयोग ने कनिष्ठ सहायक, कर्मशाला अनुदेशक, मत्स्य निरीक्षक की लिखित परीक्षाओं का परिणाम जारी कर अभिलेख सत्यापन की कार्रवाई पूरी कर ली है। इस तरह आयोग ने कुल 1213 पदों के लिए परिणाम जारी किए हैं। पेपर लीक और नकल की घटनाओं से सीख लेते हुए आयोग ने अपने आंतरिक संगठन, क्रियाकलापों में कई सुधार किए हैं। बैठक के दौरान उन्होंने परीक्षा को लेकर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रशासन और पुलिस के सहयोग से ये परीक्षाएं निष्पक्ष व शुचितापूर्ण कराई जाएंगी। बता दें कि उत्तराखंड में स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा के पेपर लीक का खुलासा होने के बाद सचिवालय रक्षक भर्ती, वन दरोगा भर्ती और फॉरेस्ट गार्ड भर्ती में भी पेपर लीक के प्रकरण सामने आए थे। जिसके बाद पेपर लीक से जुड़े आरएमएस कंपनी के मालिक सहित तमाम लोगों की गिरफ्तारी हुई थी।

# उत्तराखंड में लंपी वायरस, 4 दिन में 3000 पशु संक्रमित, 32 की मौत ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



उत्तराखंड 13 मई : उत्तराखंड में लंपी रोग एक बार फिर पशुओं के लिए काल बनता जा रहा है। साल 2022 में लंपी रोग के चलते 921 पशुओं ने अपनी जान गंवाई थी। देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंहनगर, नैनीताल में 36 हजार से अधिक पशु रोग ग्रस्त पाए गए। अब स्थिति एक बार फिर गंभीर होने लगी है। चार दिन के भीतर पर्वतीय जिलों में तीन हजार से अधिक पशु रोग की चपेट में आ गए हैं।

चार जिलों में इससे 32 पशुओं की मौत भी हो चुकी है। मामले की गंभीरता देखते हुए शासन ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की छुट्टियों व प्रतिनियुक्ति पर अग्रिम आदेश तक रोक लगा दी है। साथ ही प्रदेश के अंदर एक जिले से दूसरे जिले और बाहरी राज्यों से पशुओं के परिवहन पर भी एक माह तक रोक रहेगी। बीते दिन विधानसभा के सभाकक्ष में हुई प्रेस कांफ्रेंस में पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने प्रदेश में लंपी रोग की स्थिति को लेकर जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि कुमाऊं मंडल के कई जिलों में लंपी रोग फैल रहा है। प्रदेश में रोग से ठीक होने की दर 53.3 प्रतिशत और मृत्यु दर 1.02 प्रतिशत है। अल्मोड़ा, बागेश्वर, चमोली, चंपावत, पिथौरागढ़, नैनीताल, रुद्रप्रयाग जिलों में 3131 पशु रोग की चपेट में आए हैं। इनमें 1669 रोग ग्रसित पशु ठीक भी हुए हैं। रोग की रोकथाम में सहायता के लिए पशुपालन विभाग ने दो टोल फ्री नंबर 1962 और 18001208862 जारी किए हैं। इसके लिए निदेशालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया। लंपी रोग मच्छर-मक्खी के जरिए एक से दूसरे में फैलता है। इसलिए सभी पशुपालकों से गोशाला की साफ-सफाई पर ध्यान देने की अपील की गई है। रोग से बचाव के लिए पशुओं का टीकाकरण किया जा रहा है। नौ मई तक प्रदेश में 7.43 लाख पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है।

# पौड़ी : करोड़पति बना चाय वाला, ड्रीम इलेवन पर जीते 1 करोड़




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी 13 मई : इन दिनों Dream11 पर टीम बनाकर लोग अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें से कई लोग रातोंरात करोड़पति भी बन रहे हैं। ड्रीम 11 में अब तक उत्तराखंड के कई युवाओं की किस्मत का पिटारा भी खुल चुका है। अब पौड़ी जिले के फलोदी गांव के दीपक कुमार को देख लीजिए।

दीपक रातों रात करोड़पति बन गए। आईपीएल में दीपक ने KKR और पंजाब किंग्स के बीच हुए मुकाबले में ड्रीम इलेवन पर टीम बनाई थी। दीपक की किस्मत का ताला खुल गया और उसने एक करोड़ रुपये की धनराशि जीत ली। दीपक बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं। आजकल दीपक एसबीआई कल्जीखाल में चाय पानी पिलाने का काम करते हैं।

दीपक कुमार को उम्मीद थी वो एक दिन जरूर करोड़पति बनेगा। दीपक ने बताया कि वो बीते दो साल से ड्रीम इलेवन गेम में अपना किस्मत आजमा रहे थे।आखिरकार ड्रीम इलेवन ने दीपक को करोड़पति बना दिया। 1 करोड़ का इनाम जीतने पर दीपक के खाते में टैक्स काटने के बाद 70 लाख की धनराशि आई है। इतनी बड़ी धनराशि जितने के बाद से उनके घर में खुशी का माहौल है। लोग उन्हें लगातार बधाइयां दे रहे हैं। कहते हैं भगवान देता है तो छप्पर फाड़ कर देता है। यह कहावत दीपक कुमार पर सटीक बैठती हैं। आखिर दीपक कुमार रातों रात करोड़पति बन गया। उसके सपने साकार हो गए हैं।

# देहरादून से मुंबई जाने वालों के लिए गुड न्यूज, 17 मई से शुरू हो रही है फ्लाइट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून 13 मई : प्रदेश के जौलीग्रांट एयरपोर्ट से देश के प्रमुख शहरों के लिए हवाई सेवाएं संचालित की जा रही हैं। एयरपोर्ट में सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इसी कड़ी में अब देहरादून से मुंबई के बीच अतिरिक्त फ्लाइट का संचालन किया जाएगा। विमानन कंपनी विस्तारा आगामी 17 मई से देहरादून-मुंबई के बीच 15 दिनों के लिए अपनी एक अतिरिक्त फ्लाइट शुरू करने जा रही है। यह फ्लाइट सुबह साढ़े आठ बजे मुंबई से जौलीग्रांट आएगी और आधे घंटे बाद यहां से मुंबई के लिए रवाना होगी। ऐसा नहीं है कि देहरादून-मुंबई के बीच यह पहली हवाई सेवा है। इससे पहले विमानन कंपनी गो फर्स्ट देहरादून-मुंबई के बीच नियमित अपनी फ्लाइट संचालित कर रही थी, जिससे यात्री खुश थे, लेकिन बीते करीब एक हफ्ते से गो फर्स्ट के सामने वित्तीय संकट खड़ा होने से कंपनी की उड़ानें बंद हैं।

देहरादून से दिल्ली और मुंबई के बीच आवाजाही करने वाले यात्रियों की संख्या काफी ज्यादा है, लेकिन गो फर्स्ट की सेवा बंद होने के चलते उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को देखते हुए अब विस्तारा एयरलाइंस इस रूट पर 15 दिनों के लिए अपनी एक अतिरिक्त फ्लाइट शुरू करने जा रही है। विस्तारा 17 मई से अपनी तीसरी अतिरिक्त फ्लाइट देहरादून-मुंबई के बीच शुरू करने जा रही है। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर इंडिगो की 13, विस्तारा की दो और एयर इंडिया की दो फ्लाइट हर दिन लैंड होती हैं। विस्तारा की अतिरिक्त फ्लाइट शुरू होने से कंपनी की यहां से तीन फ्लाइटें शुरू हो जाएंगी। विस्तारा पहले ही देहरादून-दिल्ली और देहरादून-मुंबई के बीच प्रतिदिन अपनी दो फ्लाइटें संचालित कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि अगर यात्रियों का अच्छा रिस्पांस मिला तो देहरादून-मुंबई के बीच नियमित फ्लाइट का संचालन किया जाएगा।

# देहरादून : फर्जी डिग्री के आधार पर क्लीनिक चला रहे दो डॉक्टर गिरफ्तार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 13 मई : देहरादून में फर्जी डॉक्टर प्रकरण में पुलिस ने दो और फर्जी डॉक्टरों को गिरफ्तार किया है। दोनों फर्जी डिग्री के आधार पर अपना क्लीनिक चला रहे थे। दोनों ने ही राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंस कर्नाटक बंगलूरू के नाम की फर्जी डिग्री ली थी और यहां भारतीय चिकित्सा परिषद उत्तराखंड में पंजीकरण कराया था। विदित है कि दस जनवरी को फर्जी डॉक्टर गिरोह का पर्दाफाश हुआ था। इस मामले में नेहरू कॉलोनी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। सीओ अनिल कुमार जोशी ने बताया कि पुलिस अभी तक इस मामले में 20 गिरफ्तारियां कर चुकी है। बीते दिन दो और फर्जी डॉक्टरों प्रकाश सिंह निवासी एमडीडीए कॉलोनी चंद्र रोड डालनवाला और मसूद अहमद निवासी ग्राम मुजफ्फराबाद थाना फतेहपुर सहारनपुर को गिरफ्तार कर लिया गया।बताया कि दोनों ने इमलाख के माध्यम से फर्जी डिग्री ली थी। इसके बाद वर्ष 2015-16 में भारतीय चिकित्सा परिषद उत्तराखंड में पंजीकरण कराया। प्रकाश सिंह डालनवाला में, जबकि मसूद अहमद भारूवाला में अपना क्लीनिक चला रहा था। बताया कि अन्य फर्जी चिकित्सकों के संबंध में जानकारी जुटा ली गई है। गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों को गठन किया गया है। जल्द ही अन्य चिकित्सकों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# उत्तराखंड के 18 कृषि और हस्तशिल्प उत्पादों को मिलेगा जीआई टैग, कृषि मंत्री गणेश जोशी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 13 मई : उत्तराखंड के 18 कृषि और हस्तशिल्प उत्पादों को जीआई टैग (भौगोलिक संकेत) मिलेगा। इसमें मंडुवा, झंगोरा, गहत दाल, लाल चावल को भी वैश्विक पहचान मिलेगी। इसके लिए केंद्रीय उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक व्यापार विभाग की टीम ने प्रमाणीकरण प्रक्रिया के तहत अंतिम सुनवाई शुरू कर दी हैइससे पहले केंद्रीय टीम ने महानियंत्रक डॉ. उन्नत पी. पंडित की अगुवाई में कृषि मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात की। कृषि मंत्री ने कहा कि पहाड़ी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए श्री अन्न योजना के तहत कार्य योजना बनाई जा रही है। इससे ग्रामीण आजीविका को अधिक से अधिक लाभ हो सकेगा। उन्होंने केंद्रीय टीम को 13 से 16 मई तक देहरादून में आयोजित होने वाले श्री अन्न महोत्सव के बारे में भी जानकारी दी। बताया कि प्रदेश में जीआई बोर्ड के गठन की प्रक्रिया चल रही है।



केंद्रीय उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक व्यापार विभाग के महानियंत्रक ने बेरीनाग चाय के पौध व बीज अन्य क्षेत्रों को न भेजने का सुझाव दिया। इसके अलावा उत्तराखंड जैविक उत्पाद परिषद को डीआरडीओ के साथ मिलकर मोटे अनाज का एक ऐसा केक बनाना चाहिए, जो बॉर्डर में सैनिकों के साथ गर्भवतियों के लिए भी उपयोगी हो। मुलाकात के दौरान कृषि मंत्री ने केंद्रीय टीम को जैविक उत्पाद भेंट किए। इस मौके पर जैविक उत्पाद परिषद के प्रबंध निदेशक विनय कुमार, लक्ष्मीकांत, आईडी भट्ट, प्रशांत, शिवा कुमार आदि मौजूद थे।कृषि उत्पाद लाल चावल, बेरीनाग चाय, गहत, मंडुआ, झंगोरा, बुरांश जूस, काला भट्ट, चौलाई, अल्मोड़ा की लाखोरी मिर्च, पहाड़ी तोर दाल, माल्टा, लीची व आडू के अलावा पांच हैंडीक्राफ्ट उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए जीआई टैग की प्रक्रिया अंतिम दौर में पहुंच गई है। उत्तराखंड जैविक उत्पाद परिषद की ओर से 18 उत्पादों को जीआई टैग देने के लिए केंद्रीय उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक व्यापार विभाग के पास आवेदन किया गया था।जीआई टैग के माध्यम से किसी विशेष उत्पाद को भौगोलिक पहचान दी जाती है। टैग मिलने के बाद उस उत्पाद को इस बात की सुरक्षा मिल जाती है कि उसकी नकल करते हुए उत्पादन कर उसे विशेष की तरह अन्य कोई व्यक्ति, संस्था अथवा देश पेश नहीं कर सकता।

## वर्ष 2025 तक मिलट्स के उत्पाद को दोगुना किया जायेगा : गणेश जोशी




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 12 मई। प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून स्थित एक निजी होटल में 13 से 16 मई तक आयोजित होने वाला चार दिवसीय उत्तराखंड श्री अन्न (मिलेट) महोत्सव के संबंध में प्रेस वार्ता की। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की पारदर्शिता के कारण संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा भारत सरकार के प्रस्ताव के क्रम में इस वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलावट वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मिलेट फसलों को श्री अन्न के रूप में पहचान दी गयी है। इसी क्रम में उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा भी श्री अन्न (मिलेट) फसलों मोटे अनाज के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे है।उन्होंने कहा जनवरी माह में मुख्यमंत्री आवास पर मार्च माह में गैरसैंण में विधानसभा बजट सत्र के दौरान समस्त विधानसभा सदस्य तथा आम जनमानस के लिए मिलावट भोज का आयोजन किया गया।

इसी प्रकार 25 अप्रैल से 03 मई, 2023 तक कृषक महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तराखंड के समस्त न्याय पंचायतों के स्तर पर कृषक रथ के माध्यम से उत्तराखंड राज्य के मोटे अनाज (मिलावट फसलों) का प्रचार-प्रसार किया गया।मंत्री गणेश जोशी ने खुशी व्यक्त कर करते कहा कि भारत सरकार के इसी संकल्प को दृष्टिगत रखते हुए श्री अन्न फसलों के प्रचार-प्रसार हेतु 13 से 16 मई, 2023 ( चार दिवसीय ) तक सर्वे ऑफ इण्डिया, हाथीबडकला, देहरादून स्थित सर्वे ग्राउण्ड में प्रदेश सरकार द्वारा श्री अन्न महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य श्री अन्न फसलों के स्वास्थ्य लाभ एवं इसके महत्व का आम जनमानस के मध्य प्रचार-प्रसार करना है। मंत्री ने कहा चार दिवसीय इस महोत्सव में राज्य में प्लेट्स की अपार संभावनाओं पर मंथन किया जाएगा और जो मंथन उसमे निकलकर आएगा उसे प्रदेश सरकार धरातल पर उतराने का कार्य करेगी।महोत्सव में मिलेट से सम्बन्धित कुल 134 स्टॉल लगाये जायेंगे। जिसमें कृषि एवं रेखीय विभागों के 17 स्टॉल, सरकारी एवं गैर सरकारी कृषि विश्वविद्यालय / कॉलेज के यथा पन्तनगर विश्वविद्यालय, भरसार विश्वविद्यालय विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान अल्मोड़ा, हिमगिरी जी-विश्वविद्यालय, माया ग्रुप ऑफ कॉलेजेस, श्री गुरू राम राय विश्वविद्यालय, उत्तरांचल विश्वविद्यालय, ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, डॉल्फिन पी०जी० संस्थान, अल्पाइन कॉलेज, देवभूमि विश्वविद्यालय, दून पी०जी० कालेज, पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी आदि के 10 स्टॉल, इण्डियन इन्स्टिट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च ऑफ हैदराबाद, एन0आर0एल0एम0 के समूह, कृषि यंत्रीकरण, जैविक समूह, भारतीय प्रबन्धन संस्थान (आई०आई०एम०) काशीपुर के स्टार्टअप, पतंजलि योगपीठ, उद्योग विभाग के स्टॉल लगाये जायेंगे। जिससे हमारे कृषक बन्धु तथा आम जनमानस श्री अन्न फसलों के सम्बन्ध में किये जा रहे नवाचार तथा विभिन्न तकनीक से अवगत हो सकेंगे। साथ ही फूड कोर्ट का स्टॉल भी लगाया जा रहा है। जिसमें मिलावट से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ उपलब्ध होंगे। इसके अतिरिक्त महोत्सव में श्री अन्न केन्द्रित चर्चाएं, वैज्ञानिक सत्र, सम्बन्धित संस्थानों, कृषि विश्वविद्यालयों और स्टार्टअप द्वारा प्रस्तुतियां भी प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा श्री अन्न महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। तथा 14 मई को केन्द्रीय राज्य कृषि मंत्री कैलाश चौधरी शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री भी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से लगभग 10000 कृषकों द्वारा कृषि विभाग के माध्यम से प्रतिभाग कराया जा रहा है एवं इण्डियन इन्स्टिटयूट ऑफ मिलेट रिसर्च ऑफ हैदराबाद, प्रदेश के सरकारी एवं गैर-सरकारी कृषि विश्वविद्यालय / कालेजों के विद्यार्थियों, ग्राम्य विकास के कृषक समूहों, प्रमुख होटल व्यवसायी, स्टार्टअप आदि द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त श्री अन्न महोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जायेंगे जिसमें उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध लोक कलाकारों जैसे नरेन्द्र नेगी, सौरभ मैठाणी, प्रीतम भरतवाण, माया उपाध्याय सहित कई कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जायेंगी। इसके अतिरिक्त अनन्त गोपाल संगीत मंच एवं पर्वतीय रंगमंच, पौड़ी द्वारा मिलेट पर नाट्य मंचन एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया जायेगा।

## राज्य में जैविक खेती को दिया जा रहा बढ़ावा, 2025 का है खास प्लान




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 13 मई : राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए वृहद स्तर पर काम किया जा रहा है। पिछले 7 से 8 सालों में राज्य ने जैविक खेती में काफी प्रगति की है। जैविक खेती का क्या है मौजूदा स्टेटस और क्या है 2025 तक का खास प्लान। उत्त-राखंडी उत्पादों को बड़ा बाजार देने के लिए विभाग द्वारा खासा प्रयास किया जा रहा है।

इसी के तहत भारत सरकार के कुछ अधिकारी देहरादून पहुंचे जहां राज्य के अधिकारियों ने उन्हें जीआई के लिए अट्ठारह उत्पाद दिखाए। यह टेकिंग 4 महीने के भीतर मिल जाएगी।इससे राज्य के उत्पादन को भारतीय बाजार में एक महत्वपूर्ण स्थान मिलेगा। किसी भी राज्य में आज तक अट्ठारह उत्पादन पर सुनवाई नहीं हुई है। ऑर्गेनिक बोर्ड के एमडी ने बताया कि अगले चरण में हम 15 से 30 और उत्पाद लाएंगे, जबकि 2025 से पहले 51 उत्पादों को विभाग लक्ष्य बनाकर चल रहा है। इससे किसानों को तो फायदा होगा ही इसके साथ ही उत्तराखंड की संस्कृति और उत्पादों को राष्ट्रीय बाजार में बड़ी पहचान मिलेगी। सबसे बड़ी दिक्कत ऑर्गेनिक के कृषकों को इस मायने में आ रही है कि उन से सामान खरीद कर उसमें मिलावटी सामान परोसा जा रहा है और अनियोजित तरीके से बाजार में बेचा जा रहा है जिससे उत्तराखंड के उत्पादों की खांसी फजीहत होती है। हालांकि विभाग ने अलग से इसके लिए हॉट लगाने का निर्णय भी लिया है, लेकिन अब और शक्ति के लिए कानून भी बना रही है। औधिनिकी फार्मिंग एक्ट के तहत उन लोगों की अब खैर नहीं होगी जो इस तरह के कार्यों में संलिप्त होंगे।

विभाग के एमडी ने बताया कि जल्द ही यह कानून लागू किया जाएगा। 2003 में ऑर्गेनिक बोर्ड का गठन किया गया। ऑर्गेनिक बोर्ड के गठन के कुछ सालों तक महज हम 16 हजार हेक्टेयर खेती ही कर पाते थे लेकिन अब अन्य कृषि भूमि के मुकाबले 2 लाख 16 हजार हेक्टेयर ऑर्गेनिक खेती कर रहे हैं। कुल खेती का 34% ऑर्गेनिक खेती की जा रही है। ऑर्गेनिक खेती के लिए राज्य सरकार ने काफी सुविधा भी मुहैया करवाई है, भारत सरकार अलग से और राज्य सरकार से जैविक कृषि को प्रोत्साहित भी करती है। विभाग का लक्ष्य की 2025 तक 60 फीसद ऑर्गेनिक खेती राज्य में की जाएगी।

# क्यों मनाया जाता है मदर्स डे, जानें इसका इतिहास और महत्व







न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 13 मई : बिना शर्त के प्यार क्या होता है, यह आप हमारी मांओं से जान सकते हैं। मां हमें जिंदगी देने के साथ जीवन भर प्यार और सीख देती हैं। अगर हम अपनी बिजी लाइफ से एक पल निकालें और सोचे कि आज हम जो कुछ भी बन पाए हैं, उसके पीछे हमारी मांओं का कितना बड़ा हाथ है। हालांकि, हमारी मां के बलिदानों को सम्मान देने के लिए एक दिन काफी नहीं है, लेकिन फिर भी दुनियाभर में मई में हर साल मदर्स डे मनाया जाता है ताकि मांओं के उस प्यार को सम्मान दिया जाए, जो वह जिंदगी भर हम पर न्योछावर करती हैं।

मदर्स डे एक ऐसा स्पेशल दिन है जिसे दुनियाभर की मांओं को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। इस दिन बच्चे अपनी मां के साथ समय बिताते हैं या उन्हें उपहार देकर या उनके लिए कुछ खास करके उनके प्रति अपना प्यार और आभार व्यक्त करते हैं। इस साल मदर्स डे 14 मई, को मनाया जा रहा है। माना जाता है कि ये मातृत्व के उत्सव को मनाने वाला एक प्राचीन यूनानी और रोमन त्योहार है, जिसमें मातृदेवी रिया की पूजा की जाती थी। जिसके बाद ईसाई धर्म ने भी मदर मैरी को सम्मान देने के लिए इसे अपनाया। इस त्योहार का नाम ₹मदरिंग संडे₹ रखा गया।


अमेरिका में मदर्स डे की शुरुआत एना जार्विस ने की थी, जो अपनी मां एन रीव्स जार्विस का सम्मान करना चाहती थीं। एन एक शांति कार्यकर्ता थीं जिसने अमेरिकी गृहयुद्ध के दोनों पक्षों के घायल सैनिकों की देखभाल की।

एना ने वेस्ट वर्जीनिया में अपनी मां के लिए एक मेमोरियल रखा और मदर्स डे को मान्यता प्राप्त अवकाश बनाने के लिए अभियान चलाया। जिसके बाद, 1914 में अमेरिका में मदर्स डे को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मान्यता दी गई। हर साल के साथ यह उत्सव दूसरे देशों में भी फैलता गया और आज दुनियाभर में मनाया जा रहा है। हम सभी के जीवन में मदर्स डे का बड़ा महत्व है, क्योंकि यह हमारी मां को समर्पित एक खास दिन होता है, जिनकी हमारे दिलों में एक बेहद खास जगह होती है। भारत में इस दिन को मई के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। जबकि बाकि देशों में इसे साल के अलग-अलग दिन सेलिब्रेट किया जाता है।

# सातवीं के छात्रों ने चिट्ठी में लिखा अपना दु:ख, लड़कियां class में करती हैं ऐसी हरकतें

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तर प्रदेश 13 मई : सोशल मीडिया में एक एप्लीकेशन खूब वायरल हो रही है। इस एप्लीकेशन कक्षा सात छात्रों ने अपना दर्द प्रिंसिपल को चिट्ठी के जरिए बताया। मामला है उत्तर प्रदेश का औरैया। यहां के तैय्यापुर के जवाहर नवोदय विद्यालय का है। केंद्र सरकार का आवासीय स्कूल है। इन दिनों यहां से एक चिट्ठी सोशल मीडिया पर 'धरांटे काट रही है'। कक्षा सातवीं 'अ' के लड़कों द्वारा ये लिखी गई है। इसमें छात्रों ने मांग की है कि क्लास की लड़कियां माफी मांगें। लेकिन प्रश्न ये है कि आखिर कक्षा सात की लड़कियों ने ऐसा क्या किया कि छात्रों ने तंग आकर प्रिंसिपल को चिट्ठी लिख डाली है।



श्रीमान् प्रधानाचार्य जी
जवाहर नवोदय विद्यालय
(औरैया)

विषय- कक्षा सात (अ) की लड़कियों को लड़को से मॉफी मागने हेतु।

महोदय
सविनय निवेदन है कि हम लोग कक्षा सात (अ) के छात्र है कि हम लोगो से लड़कियाँ गलत शब्द कहती है जैसे- लल्ला, पागल, औकात में रहो। और लड़को का नाम बिगाड़ती है अभिनेष से डामर कहती है, और अनमोल से रसगुल्ला, लल्ला की तरह रहो। लड़कियाँ कक्षा में शोर मचाती है और गाना गाती और डॉयलॉग बाजी करती है। ओम् फोम् धरांटे काट रही है।

सधन्यवाद।
कक्षा सात (अ) में शोर मचाने वाली लड़कियों के नाम —
जानवी, शिवा, रितु, काजल, उन्नती।

ये शिकायत भरी चिट्ठी स्कूल के प्रिंसिपल के नाम लिखी गई है। इसमें लड़कों ने लिखा है कि क्लास की लड़कियों ने उनके उल्टे सीधी नाम रखे हैं। किसी को लल्ला, किसी को डामर तो किसी को रसगुल्ला बुलाती हैं। लिखा है कि लड़कियां खुद तो क्लास में खूब हल्ला करती हैं। लड़कों से औकात में रहने की बात करती हैं और डायलॉगबाजी करती हैं। आगे लिखा कि लड़कियां 'ओम फोम धरांटे काट रही हैं।


तैय्यापुर (औरैया)

विषय- कक्षा सात (अ) की लड़कियों को लड़को से मॉफी मागने हेतु।

महोदय
सविनय निवेदन है कि हम लोग कक्षा सात (अ) के छात्र है कि हम लोगो से लड़कियाँ गलत शब्द कहती है जैसे- लल्ला, पागल, औकात में रहो। और लड़को का नाम बिगाड़ती है अभिनेष से डामर कहती है, और अनमोल से रसगुल्ला, लल्ला की तरह रहो। लड़कियाँ कक्षा में शोर मचाती है और गाना गाती और डॉयलॉग बाजी करती है। ओम फोम धरांटे काट रही है।

सधन्यवाद।
कक्षा सात (अ) में शोर मचाने वाली लड़कियों

छात्रों द्वारा लिखी इस चिट्ठी के वायरल होने के बाद नवोदय विद्यालय औरैया के प्रिंसिपल डॉक्टर संजीव गुप्ता ने बताया कि ये करीब दो महीने पहले की चिट्ठी है, मेरे संज्ञान में आज आई है। इसको लेकर मैंने स्टाफ मीटिंग भी हुई। तब पता चला कि लड़कों ने चिट्ठी लिखकर अपने वॉर्डन को दी थी और वॉर्डन ने लड़के-लड़कियों से बात करके मामला सुलझा लिया था। लेकिन अब टीचर्स को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसी बातें मुझे जरूर बताई जानी चाहिए।

# अल्मोड़ा : धू धू कर जला घिंघारीखाल का आरक्षित वन क्षेत्र ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क


अल्मोड़ा 13 मई । जंगल एक बार फिर से धधकने लगे हैं। यहां घिंघारीखाल के आरक्षित वन क्षेत्र में अचानक आग धधक उठी। देखते ही देखते तीन हेक्टेयर जंगल जल गया। हालांकि वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इससे आस पास के कंपार्टमेंट में आग फैलने से बच गई।वन क्षेत्राधिकारी तापस मिश्रा ने ग्रामीणों से अपने खेतों में जली खरपतवार छोड़कर नहीं जाने की अपील की है। वन क्षेत्राधिकारी तापस मिश्रा ने बताया कि बीते दिन आसपास के खेतों में खरपतवार जली छोड़ दी गई जिससे चिंगारी जंगल तक पहुंच गई और जंगल धधकने लगे। आग के कारण तीन हेक्टेयर क्षेत्र में वन संपदा जलकर नष्ट हो गई है। हालांकि अल्मोड़ा हाईवे तक लपटें पहुंचने से बच गईं।



# पिथौरागढ़ : मां के साथ खेत गई सात साल की बच्ची को खींचकर ले गया तेंदुआ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 13 मई : पिथौरागढ़ के जाखनी उप्रेती गांव में सात साल की बच्ची पर तेंदुए झपट गया। वह उसे सौ मीटर दूर तक खींच ले गया। बच्ची की मां और लोगों के शोर मचाने पर तेंदुआ उसे छोड़कर भाग गया। बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंगोलीहाट में भर्ती किया गया है। जाखनी उप्रेती गांव में कमल सिंह की सात साल की बेटी शशिकला बृहस्पतिवार शाम अपनी मां हेमा देवी के साथ घर के पास खेतों में गई थी। इसी दौरान घात लगाए तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया और जबड़ों में दबाकर लगभग 100 मीटर दूर तक खींच ले गया। हेमा देवी सहित आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाते हुए तेंदुए का पीछा किया तो लगभग 100 मीटर तेंदुआ बच्ची को छोड़ गया।इसके बाद परिजन शशिकला को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। शशिकला के सिर, एक आंख, गले एवं पीठ पर तेंदुए के दांतों और पंजों के गहरे निशान बने हैं। तेंदुए के हमले के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की है।वन विभाग की दो टीमें बनाई हैं। एक टीम रात्रि में गश्त करेगी। तेंदुए को आबादी से दूर भगाने के लिए पटाखे फोड़े जाएंगे। दूसरी टीम घायल बच्ची की स्थिति देखने के लिए अस्पताल भेजी गई है।



# उत्तराखंड : 12वीं पास युवा बनेंगे दक्ष टूरिस्ट गाइड, पर्यटन विभाग देगा लाइसेंस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 13 मई : प्रदेश के युवाओं के लिए अच्छी खबर है। अब युवाओं को रोजगार के लिए अपना घर छोड़ महानगरों में नहीं जाना पड़ेगा देश-दुनिया से आने वाले पर्यटकों के मार्गदर्शन के लिए उत्तराखंड में दक्ष टूरिस्ट गाइड तैयार किए जाएंगे। ये टूरिस्ट गाइड स्थानीय युवा ही होंगे। पर्यटन विभाग ने पहल करते हुए 12वीं पास युवाओं को प्रशिक्षण दिलाना शुरू कर दिया है। इसके लिए हर जिले से 30 युवा चुने गए हैं। प्रदेश में पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग ने टूरिस्ट डेस्टिनेशन गाइड प्रशिक्षण की योजना शुरू की है। इस योजना के तहत प्रत्येक जिले में 30-30 युवाओं को टूरिस्ट गाइड का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गढ़वाल मंडल के लगभग सभी जिलों में युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

अब कुमाऊं मंडल के 12वीं पास युवाओं के पास टूरिस्ट गाइड बनने का मौका है। 10 दिन का प्रशिक्षण देने के बाद टूरिस्ट गाइड का पांच साल का लाइसेंस दिया जा रहा है। लाइसेंस जारी करने से विभाग युवाओं का पुलिस सत्यापन भी करा रहा है।पर्यटन विभाग अपनी वेबसाइट पर दक्ष टूरिस्ट गाइडों की पूरी जानकारी अपलोड करेगा, जिसमें गाइड का नाम, क्षेत्र और मोबाइल नंबर भी होगा। देश-दुनिया से आने वाले पर्यटक सीधे टूरिस्ट गाइड से संपर्क कर सकते हैं।अपर निदेशक पर्यटन पूनम चंद का कहना है कि पर्यटन क्षेत्र में रोजगार की काफी संभावनाएं हैं। इसे देखते हुए प्रत्येक जिले में टूरिस्ट गाइड का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में युवाओं को पर्यटकों के साथ व्यवहार, स्थानीय पर्यटन क्षेत्रों से जुड़े सांस्कृतिक, पौराणिक व ऐतिहासिक विशेषता की जानकारी दी जा रही है।पर्यटन विभाग ने प्रत्येक जिले में 30 टूरिस्ट गाइड बनाने की योजना बनाई है। इससे प्रदेश भर में 390 टूरिस्ट गाइड की टीम तैयार होगी। टिहरी, हरिद्वार, पौड़ी, देहरादून, उत्तरकाशी में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। रुद्रप्रयाग जिले में प्रशिक्षण चल रहा है। चमोली जिले के बाद कुमाऊं मंडल में टूरिस्ट गाइड का प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा।






## संपादकीय



# दो संवैधानिक फैसले

सर्वोच्च अदालत के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने दो बेहद महत्वपूर्ण और संवैधानिक फैसले सुनाए हैं। एक यह है कि दिल्ली का 'बॉस' कौन है और प्रशासनिक सेवाएं किसके नियंत्रण में होंगी? दूसरा फैसला यह है कि महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की सरकार ही जारी रहेगी। उद्धव ठाकरे को राहत नहीं दी जा सकती, क्योंकि उन्होंने सदन में बहुमत परीक्षण से पहले ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। संविधान पीठ उनके इस्तीफे को रद्द नहीं कर सकती। संविधान पीठ ने दोनों फैसलों के संदर्भ में संविधान, लोकतंत्र, संघवाद, उपराज्यपाल या गवर्नर के जरिए केंद्र सरकार के अनावश्यक दखल और केंद्र की व्यापक शक्तियों के दुरुपयोग आदि पहलुओं की बार-बार व्याख्या की है। बेशक दिल्ली अद्र्धराज्य और संघशासित क्षेत्र है, लेकिन 1991 के कानून के बाद यहां विधानसभा है और जनता के द्वारा चुनी हुई सरकार भी है। बेशक पूर्ण राज्य नहीं है, फिर भी दिल्ली को कानून बनाने का अधिकार है। यह व्याख्या प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की है। संविधान पीठ ने सर्वसम्मत फैसला दिया है कि दिल्ली में उपराज्यपाल (एलजी) ही सर्वेसर्वा नहीं है। वह दिल्ली सरकार के फैसलों को मानने और कैबिनेट की सलाह के अनुसार काम करने को बाध्य है। एलजी की शक्तियां उन्हें दिल्ली विधानसभा और निर्वाचित सरकार की शक्तियों में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं देतीं। चूंकि निर्वाचित सरकार अपने क्षेत्र के लोगों के प्रति जवाबदेह होती है और उसे जनता की मांगों का भी ध्यान रखना होता है, लिहाजा उसके नियंत्रण में प्रशासनिक ढांचा होना चाहिए। फैसला दिया गया है कि अधिकारियों की नियुक्ति और तबादलों का अधिकार केजरीवाल सरकार को होगा। बेशक अफसरों का काडर बुनियादी तौर पर भारत सरकार के अधीन होता है, लेकिन राज्य सरकारें उनकी तैनाती और तबादले का फैसला ले सकती हैं। केंद्र एलजी के जरिए राज्य के अधिकारों को टेकओवर न करे। केंद्र सभी विधायी शक्तियां रख लेगा, तो संघीय ढांचा ही खत्म हो जाएगा। यह टिप्पणी भी प्रधान न्यायाधीश ने की, जो संविधान पीठ का नेतृत्व कर रहे थे। बीते 9 साल से अधिक समय से दिल्ली की केजरीवाल सरकार और एलजी के बीच रायता फैला हुआ था। प्रशासनिक संबंधों में भी खुन्नस थी। आम आदमी पार्टी के विधायकों और नेताओं ने एलजी के प्रति अपशब्दों का भी प्रयोग किया।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# कामधेनू पेंट्स ने अपनी एक्सटीरियर इमल्शन रेंज का विस्तार किया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। कामधेनू समूह के ब्रांड और उच्च गुणवत्ता वाले पेंट और इमल्शन के अग्रणी निर्माता कामधेनू पेंट्स ने अपनी एक्सटीरियर इमल्शन रेंज में एक नए उत्पाद की घोषणा की है। कंपनी ने 'कामोशील्ड एडवांस' लॉन्च किया है, जो प्रीमियम शाइनी फिनिश के साथ-साथ एक आर्थिक रूप से व्यवहार्य उत्पाद भी है। यह प्रोडक्ट 03 साल की वारंटी के साथ आता है। यह एक्सटीरियर इमल्शन एक ऐक्रेलिक को-पॉलिमर इमल्शन है जो सूखे या मध्यम नमी की सतह पर लगाने के लिए आदर्श लाभों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। इमल्शन विभिन्न सतहों जैसे सीमेंट प्लास्टर, कंक्रीट, एस्बेस्टस आदि के लिए एक उत्कृष्ट जोड़ है।

कामधेनू पेंट्स के प्रबंध निदेशक सौरभ अग्रवाल ने कहा, "कामधेनू पेंट्स का हर उत्पाद अपनी गुणवत्ता और मूल्य प्रस्ताव के कारण सफल रहा है। 'कामोशील्ड एडवांस' की उच्च इस आर आई वैल्यू है जो दीवारों को धूप के संपर्क में आने से होने वाले नुकसान से बचाता है। उत्पाद चॉकिंग, फ्लेकिंग और वैदरिंग के लिए उच्च प्रतिरोध प्रदर्शित करता है। मैं कमोशील्ड एडवांस की बाजार में स्वीकार्यता और सफलता को लेकर आश्वस्त हूं।श कामधेनू पेंट्स डेकोरेटिव पेंट सेगमेंट में भारत की अग्रणी कंपनी है। आंतरिक और बाहरी इमल्शन, स्टेनर्स, कलरेंट्स, डिजाइनर पेंट्स, प्राइमर्स, कंस्ट्रक्शन केमिकल्स, वाटर प्रूफिंग केमिकल्स और अन्य जल आधारित विशेष उत्पादों के निर्माण के लिए कंपनी का अपना अत्याधुनिक विनिर्माण संयंत्र चोपांकी (राजस्थान) में है और आउटसोर्स भी करता है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश हरियाणा और पंजाब में विनिर्माण इकाइयों से मध्य और निम्न श्रेणी के उत्पाद जैसे डिस्टेंपर, इनेमल और पुट्टी आदि अपनी तकनीकी टीम की प्रतिनियुक्ति करके सर्वोत्तम गुणवत्ता सुनिश्चित करते हैं।



# मदर्स डे के उपलक्ष में महिलाओं ने जाने सेल्फ केयर टिप्स

## महिला रोग विशेषज्ञ डॉ तरुण दास ने साझा किए विचार





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। निरावधी एवं फिक्की फ्लो उत्तराखंड के संयुक्त तत्वाधान में मदर्स डे के उपलक्ष में एक टॉक एवं ओपन माइक का आयोजन किया गया टॉक के दौरान आरोग्यधाम हॉस्पिटल के डॉ तरुण दास जोकि महिला रोग विशेषज्ञ है ने महिलाओं को मेनोपॉज के दौरान होने वाली परेशानियों के बारे में बताया। टॉक के दौरान महिलाओं ने मेनोपॉज के दौरान होने वाली परेशानियों के बारे में डॉक्टर दास से कई तरह के सवाल किए जिन पर डॉ तरुण दास ने विस्तार से उनको संपूर्ण जानकारी दी साथ ही कई टिप्स भी दिए जिनसे महिलाओं में होने वाले हार्मोनल चेंजेज से दो चार हुआ जा सके। इस मौके पर एक ओपन माइक का भी आयोजन किया गया था जिसमें महिलाओं ने अपनी मां पर कविताएं गाने वह अपने एक्सपीरियंस साझा किए कार्यक्रम में बतौर वक्ता रमा चोपड़ा , निशा ठाकुर , प्रियंवदा अय्यर , मिनी गुप्ता, अनीता मित्तल , खामोश इंसान , डॉ स्वाति आनंद ,स्मृति लाल एवं डॉक्टर याशना बाहरी सिंह मौजूद रहे मौके पर सीख लो उत्तराखंड की चेयर-पर्सन अनुराधा मल्ला पुंडीर ने सभी वक्ताओं को सर्टिफिकेट देकर नवाजा। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन बहुत ही खूबसूरती से अपने ही काव्य अंदाज में निरावधी की चेयरपर्सन डॉ प्राची चंद्रा नीरा ने किया।



# देहरादून में सजावटी लाइटिंग स्टोर ‘हैवेल्स होम आर्ट लाइट्स’ खुला

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 11 मई, 2023। हैवेल्स इंडिया लिमिटेड ने गुरूवार को देहरादून में श्री श्याम एंटरप्राइज़ेज़ 48 माया प्लाज़ा किशन नगर चौक में एक्सक्लूसिव डेकोर लाइटिंग स्टोर ‘हैवेल्स होम आर्ट लाइट्स’ का उद्घाटन किया। स्टोर का उद्घाटन पराग भटनागर, प्रेसिडेंट, हैवेल्स इंडिया ने किया।

इस शोरुम में उपलब्ध कराए जाने वाले लाइटिंग उत्पादों की रेंज को बहुत ही सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है, ताकि उन ग्राहकों की अलग तरह की पसंद और तकनीकी ज़रूरतों को पूरा किया जा सके जो सुंदर और इनोवेटिव सॉल्यूशंस तलाशते हैं। इस कलेक्शन में शैंडलेयर, वॉल लाइट, पेंडेंट लाइट और लाइटिंग के अन्य खूबसूरत विकल्प शामिल हैं। उद्घाटन के मौके पर पराग भटनागर, प्रेसिडेंट, हैवेल्स इंडिया लिमिटेड ने कहा, ‘हमें उत्तराखंड में अपना पहला एक्सक्लूसिव डेकोरेटिव लाइटिंग स्टोर लॉन्च करने पर बहुत खुशी हो रही है। हम देहरादूनवासियों के लिए अलग-अलग विकल्पों की व्यापक श्रृंखला पेश करने को लेकर बहुत ही उत्साहित हैं, ताकि एक छत के नीचे उनकी अलग-अलग तरह की ज़रूरतों को पूरा किया जा सके। हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ उत्पाद उपलब्ध कराना है और इस शोरुम की शुरुआत इसी दिशा में बढ़ाया गया एक कदम है। हमने जो कलेक्शन तैयार किया है, उसे एक्सप्लोर करते हुए ग्राहकों को देखना बहुत ही संतोषजनक अनुभव होगा और इन सजावटी लाइटिंग से उन ग्राहकों के घरों का माहौल बेहतर होगा।



उत्पादों की नई श्रृंखला पेश करना, अपने ग्राहकों को किफायती और उपयोगकर्ताओं की ज़रूरतों के हिसाब से लाइटिंग सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने के हमारे प्रयासों के लिहाज़ से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इन उत्पादों में बेहतरीन टैक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। इस लॉन्च के साथ हमें उत्तराखंड में अपना पहला होम आर्ट्स लाइट्स शोरुम खोलने की घोषणा करते हुए बहुत गर्व महसूस हो रहा है। यह स्टोर डेकोर पर केंद्रित लाइटिंग विकल्प तलाश रहे ग्राहकों के लिए खास जगह होगी। यह हमारे सफर की शुरुआत है क्योंकि हमारी योजना पूरे राज्य में तीन और शोरुम खोलने की है, ताकि बाज़ार और ग्राहकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मज़बूती मिल सके।



